21/4/26

Booklet Series

I

# 18/SSVP/M-2026 – 03

Question Booklet

## GENERAL APTITUDE

Booklet Serial No.

7504569

Candidate's Roll Number

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**Time Allowed : 2 Hours**

**Maximum Marks : 100**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

### IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains **100** questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. An Answer Sheet has been supplied inside the Question Booklet to mark the answers. **You must write your Roll Number and encode it and write other particulars in the space provided in the Answer Sheet, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and attached answer sheet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top left-hand corner of the Booklet and the series encoded in answer sheet are same. Also please check that the Booklet contains 32 printed pages including two pages (Page Nos. 30 and 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated or question booklet and answer sheet have different series. If you find any defect in this Booklet and attached answer sheet, get it replaced immediately by a complete Booklet with OMR sheet of the same series.**
5. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of **four** responses — (A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question.
8. In the Answer Sheet, there are **four** circles — Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
9. For each question for which a wrong answer/more than one answer has been given by the candidates, **one third (1/3)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
10. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator**. Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
11. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
12. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है ।

1. In a certain code, "FANTA" is written as "LGTZG". How is "CRICKET" written in that code ?

(A) NSKLIEA

(B) IXOIQKZ

(C) OWMAMDK

(D) FKCLIEC

2. The value of $\sqrt{\dfrac{0.36}{0.30}}$ is approximately equal to


(A) 1.1095

(B) 0.99

(C) 1.095

(D) 1.4101

3. How many triangles are there in the figure given below ?



(A) 9

(B) 13

(C) 15

(D) 11

4. If $\omega$ ( $\neq 1$) be a cube root of unity and $(\omega + 1)^8 = a + b\omega$, then a.b equals

(A) $-1$

(B) 1

(C) 2

(D) 0

5. In a code language, the word 'LATE' is written as 38. Then the word 'MAKE' will be written in the same code language as

(A) 24

(B) 30

(C) 34

(D) 28

6. In a certain code, "SUGAR" is written as "TWJEW". How is "SALTY" written in that code ?

(A) SRLEP

(B) TCOXD

(C) UDQAN

(D) DKALE

7. Five years ago, the average age of $X_1$, $X_2$, $X_3$ and $X_4$ was 50 years. If we include $X_5$, the present average age of all the five is 56 years. Then the present age of $X_5$ is

(A) 50 years

(B) 45 years

(C) 60 years

(D) 56 years

8. If 53 = 10 and 78 = 49, then 67 is equal to

(A) 45

(B) 48

(C) 36

(D) 35

1. एक निश्चित कोड में "FANTA" को "LGTZG" लिखा जाता है । उसी कोड में "CRICKET" को कैसे लिखा जाएगा ?

(A) NSKLIEA

(B) IXOIQKZ

(C) OWMAMDK

(D) FKCLIEC

2. $\sqrt{\dfrac{0.36}{0.30}}$ का मान लगभग बराबर है


(A) 1.1095

(B) 0.99

(C) 1.095

(D) 1.4101

3. नीचे दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?



(A) 9

(B) 13

(C) 15

(D) 11

4. यदि $\omega\ (\neq 1)$ इकाई का एक घन मूल है एवं $(\omega + 1)^8 = a + b\omega$ है, तो a.b बराबर है

(A) –1

(B) 1

(C) 2

(D) 0

5. एक कूट भाषा में शब्द 'LATE' को 38 लिखा जाता है । शब्द 'MAKE' को उसी कूट भाषा में लिखा जायेगा

(A) 24

(B) 30

(C) 34

(D) 28

6. एक निश्चित कोड में "SUGAR" को "TWJEW" लिखा जाता है । उसी कोड में "SALTY" को कैसे लिखा जाएगा ?

(A) SRLEP

(B) TCOXD

(C) UDQAN

(D) DKALE

7. पाँच वर्ष पूर्व $X_1$, $X_2$, $X_3$ और $X_4$ की औसत आयु 50 वर्ष थी । यदि हम $X_5$ को भी साथ जोड़ दें तो पाँचों की वर्तमान औसत आयु 56 वर्ष है । तो $X_5$ की वर्तमान आयु है

(A) 50 वर्ष

(B) 45 वर्ष

(C) 60 वर्ष

(D) 56 वर्ष

8. यदि 53 = 10 तथा 78 = 49 है, तो 67 बराबर है

(A) 45

(B) 48

(C) 36

(D) 35

9. Vijay can do a work in 15 days, which Abhinav can do in 10 days. Abhinav worked on this work for 8 days. Vijay can finish the remaining work in

(A) 4 days
(B) 3 days
(C) 1 day
(D) 5 days

10. In a certain code, "SAND" is written as "UCPF". How is "STONE" written in that code ?

(A) SRLFE
(B) UVQPG
(C) UDLPQ
(D) UNSOP

11. The age of Ram, 10 years ago, was thrice the age of Rahul. 10 years after, the Ram's age will be twice the age of Rahul. The ratio of their present ages is

(A) 7 : 5
(B) 7 : 4
(C) 11 : 5
(D) 7 : 3

12. A and B are two digit numbers in the following analogy :

A : 297 : : 534 : B


The value of (A + B) can be

(A) 38
(B) 42
(C) 54
(D) 40

13. If x be a non-zero rational number and y be an irrational number, then choose the correct option.

(A) x.y is rational
(B) x – y is rational
(C) x + y is rational
(D) None of the above

14. How many rhombuses are there in the following figure ?



(A) 16
(B) 14
(C) 17
(D) 13

15. If the 3rd term of a geometric progression is 2, then the product of first 5 terms of the series is

(A) 10
(B) 24
(C) 32
(D) 16

9. विजय एक कार्य को 15 दिन में कर सकता है, जिसे अभिनव 10 दिन में कर सकता है । अभिनव ने इस कार्य पर 8 दिन काम किया । शेष बचे हुए कार्य को विजय पूर्ण कर सकता है

(A) 4 दिन में

(B) 3 दिन में

(C) 1 दिन में

(D) 5 दिन में

10. किसी निश्चित कोड में "SAND" को "UCPF" लिखा जाता है । उसी कोड में "STONE" को कैसे लिखा जाएगा ?

(A) SRLFE

(B) UVQPG

(C) UDLPQ

(D) UNSOP

11. 10 वर्ष पूर्व, राम की आयु राहुल की आयु से तीन गुणा थी । 10 वर्ष पश्चात राम की आयु राहुल की आयु से दुगुनी होगी । उनकी वर्तमान आयु का अनुपात है

(A) 7 : 5

(B) 7 : 4

(C) 11 : 5

(D) 7 : 3

12. निम्नलिखित सादृश्य में A और B दो अंकीय संख्याएँ हैं :

A : 297 : : 534 : B

(A + B) का मान हो सकता है

(A) 38

(B) 42

(C) 54

(D) 40

13. यदि x एक अशून्य परिमेय संख्या है एवं y एक अपरिमेय संख्या है, तो सही विकल्प चुनिये ।


(A) x.y परिमेय है

(B) x – y परिमेय है

(C) x + y परिमेय है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

14. निम्नलिखित आकृति में कितने समचतुर्भुज हैं ?



(A) 16

(B) 14

(C) 17

(D) 13

15. यदि एक गुणोत्तर श्रेणी का तीसरा पद 2 है, तो श्रेणी के प्रथम 5 पदों का गुणनफल होगा


(A) 10


(B) 24


(C) 32


(D) 16

16. Which figure correctly represents the relationship among human beings, teachers and graduates ?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

17. The least number more than 5000 which is exactly divisible by 67 is

(A) 5035

(B) 5089

(C) 5025

(D) 5015

18. The profit earned by selling an article at ₹ 5,510 is equal to the loss incurred on selling the same article at ₹ 4,090. What will be percent profit, if the article is sold at ₹ 7,500 ?

(A) 36.5%

(B) 35%

(C) 56.25%

(D) 25%

19. In a line of boys, Satish is $12^{th}$ from right and $4^{th}$ from left. How many boys should be included in this line so that their total number becomes 28 ?

(A) 12

(B) 14

(C) 15

(D) 13

20. 30% of 80% of 36% of an amount is ₹ 216. What is the amount ?

(A) ₹ 3,000

(B) ₹ 2,400

(C) ₹ 2,500

(D) ₹ 2,450

21. If x is the third proportional of 12 and 18 and y is the fourth proportional of 7, 11, 14, then the value of $\frac{3y+2x}{6y-6x}$ is


(A) 5

(B) 6

(C) $\frac{10}{7}$

(D) $-4$

22. Three positions of the dice are given below. What can come on adjacent faces containing the "4" on it ?





(A) 7 and 5


(B) 7 and 6


(C) 6 and 5


(D) 3 and 7

16. कौन–सा आरेख मानव, शिक्षकों तथा स्नातकों के बीच सम्बन्ध का सही निरूपण करता है ?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

17. 5000 से बड़ी न्यूनतम संख्या जो 67 से पूर्ण रूप से विभाजित होती हो, है

(A) 5035

(B) 5089

(C) 5025

(D) 5015

18. एक वस्तु को ₹ 5,510 में बेचने पर अर्जित लाभ उसी सामान को ₹ 4,090 में बेचने पर हुए हानि के बराबर है । यदि वस्तु को ₹ 7,500 में बेचा जाता है, तो प्रतिशत लाभ क्या होगा ?

(A) 36.5%

(B) 35%

(C) 56.25%

(D) 25%

19. लड़कों की एक पंक्ति में सतीश दायें से 12 वाँ तथा बायें से चौथा है । इस पंक्ति में कितने लड़कों को शामिल किया जाए, जिससे इनकी कुल संख्या 28 हो जाए ?

(A) 12

(B) 14

(C) 15

(D) 13

20. एक राशि के 36% का 80% का 30%, ₹ 216 है । राशि क्या है ?

(A) ₹ 3,000

(B) ₹ 2,400

(C) ₹ 2,500

(D) ₹ 2,450

21. यदि 12 एवं 18 का तृतीयानुपाती x है तथा 7, 11, 14 का चतुर्थानुपाती y है, तो $\frac{3y+2x}{6y-6x}$ का मान है


(A) 5

(B) 6

(C) $\frac{10}{7}$

(D) $-4$

22. नीचे पासे की तीन स्थितियाँ दी गई हैं । "4" वाले फलक के साथ सटे हुए फलकों पर क्या आ सकता है ?




(A) 7 और 5

(B) 7 और 6

(C) 6 और 5

(D) 3 और 7

23. A person sold a watch at a profit of $6\frac{1}{2}$%. If he had sold it for ₹ 2,500 more, he would have gained 19%. Find the cost price of the watch.

(A) ₹ 20,000

(B) ₹ 12,850

(C) ₹ 15,420

(D) ₹ 10,000

24. In the following analogy, which group of letters will replace the sign of question mark (?) ?

PIANO : FAIDE : : SITAR : ?

(A) IAJIH

(B) IAHAJ

(C) IJHAI

(D) IAIHJ

25. If the $3^{rd}$ term of an A.P. is $\frac{1}{5}$ and the $5^{th}$ term is $\frac{1}{3}$, then the $15^{th}$ term of the series is

(A) 1

(B) $\frac{14}{15}$

(C) $\frac{8}{15}$

(D) $\frac{1}{15}$

26. Find the least number of complete years in which a sum of money put out at the rate of 20% per annum compound interest will be more than double.

(A) 3 years

(B) 5 years

(C) 4 years

(D) 8 years

27. Rahul and Robin are brothers. Pramod is father of Robin. Sheela is sister of Pramod. Prema is maternal niece of Pramod. Sudha is maternal granddaughter of Sheela. Who is Rahul to Sudha ?

(A) Maternal uncle

(B) Brother

(C) Maternal nephew

(D) Maternal brother

28. When a producer allows 36% commission on the retail price of his product, he earns a profit of 8.8%. What would be his profit percent if the commission is reduced by 24% ?

(A) 49.6%

(B) 46.9%

(C) 56.9%

(D) 59.6%

29. What is the sum of next two terms in the following sequence ?

2, 5, 13, 29, ____, ____

(A) 111

(B) 120

(C) 186

(D) 142

30. A container has 100 litres of milk. From this container, 10 litres of milk was taken out and replaced by water. The process was further repeated twice. The volume of milk in the container after that is

(A) 85.32 litres

(B) 85.23 litres

(C) 92.9 litres

(D) 72.9 litres

23. एक आदमी ने एक घड़ी $6\frac{1}{2}$% लाभ पर बेची । यदि वह इसे ₹ 2,500 अधिक में बेचता, तो उसे 19% का लाभ होता । घड़ी का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए ।

(A) ₹ 20,000

(B) ₹ 12,850

(C) ₹ 15,420

(D) ₹ 10,000

24. निम्नलिखित सादृश्य में कौन–सा अक्षर समूह प्रश्नसूचक चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा ?

PIANO : FAIDE : : SITAR : ?

(A) IAJIH

(B) IAHAJ

(C) IJHAI

(D) IAIHJ

25. यदि एक समान्तर श्रेणी का तीसरा पद $\frac{1}{5}$ है एवं पाँचवा पद $\frac{1}{3}$ है, तो श्रेणी का 15 वाँ पद होगा

(A) 1

(B) $\frac{14}{15}$

(C) $\frac{8}{15}$

(D) $\frac{1}{15}$

26. न्यूनतम पूर्ण वर्षों की संख्या ज्ञात कीजिए जिसमें कोई धनराशि 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से दुगुने से ज्यादा हो जायेगी ।

(A) 3 वर्ष

(B) 5 वर्ष

(C) 4 वर्ष

(D) 8 वर्ष

27. राहुल एवं रॉबिन भाई हैं । प्रमोद, रॉबिन के पिता हैं । शीला, प्रमोद की बहन है । प्रेमा, प्रमोद की भांजी है । सुधा, शीला की नातिन (दोहती) है । राहुल, सुधा के कौन हैं ?

(A) मामा

(B) भाई

(C) भांजा

(D) ममेरा भाई

28. जब एक उत्पादक अपने उत्पाद के खुदरा मूल्य पर 36% कमीशन देता है, तो उसे 8.8% का लाभ होता है । यदि कमीशन 24% कम कर दिया जाए, तो उसका लाभ प्रतिशत कितना होगा ?

(A) 49.6%

(B) 46.9%

(C) 56.9%

(D) 59.6%

29. निम्नलिखित अनुक्रम में अगले दो पदों का योगफल क्या होगा ?

2, 5, 13, 29, ____, ____

(A) 111

(B) 120

(C) 186

(D) 142

30. एक बर्तन में 100 लीटर दूध है । इस बर्तन से 10 लीटर दूध निकाला गया तथा उसकी जगह पानी मिलाया गया । इस क्रिया को पुन: दो बार दोहराया गया । इसके बाद बर्तन में दूध का आयतन है

(A) 85.32 लीटर

(B) 85.23 लीटर

(C) 92.9 लीटर

(D) 72.9 लीटर

31. Which number will come in the place of question mark ?

5, 13, 29, ?, 125, 253

(A) 83

(B) 61

(C) 65

(D) 69

32. Two numbers are in the ratio of 3 : 5. Their L.C.M. is 90. The numbers are

(A) 18, 30

(B) 24, 40

(C) 27, 45

(D) 15, 25

33. Which word can be formed from the letters of the word "STRANGULATION" ?

(A) TRAUMA

(B) TRIANGLE

(C) GARLAND

(D) ROASTING

34. Of the three numbers, the first number is twice the second number and the second number is twice the third number. The average of reciprocal of these numbers is $\frac{7}{72}$. The smallest of these numbers is what percent of LCM of these numbers ?

(A) 25%

(B) 40%

(C) 15%

(D) 30%

35. Which of the following two signs needs to be interchanged to make the given equation correct ?

$24 - 8 / 4 + 5 \times 3 = 14$

(A) / and ×

(B) + and /

(C) / and –

(D) × and –

36. If $x^2 + \frac{1}{x^2} = 51$, then $\left(x - \frac{1}{x}\right)$ is equal to

(A) 7

(B) $\pm 7$

(C) $\pm\frac{1}{7}$

(D) $-7$

37. For a certain sum, if the difference between compound interest and simple interest for 2 years at the rate of interest 5% per annum is ₹ 5, then find the difference of compound interest and simple interest on the same amount for 3 years at the rate of 5% per annum (in ₹).

(A) 205

(B) 15.75

(C) 187.50

(D) 15.25

750504569 750504569 750504569 750504569 750504569

**31.** प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर कौन-सी संख्या आयेगी ?

5, 13, 29, ?, 125, 253

(A) 83

(B) 61

(C) 65

(D) 69

**32.** दो संख्याओं का अनुपात 3 : 5 है । उनका लघुतम समापवर्त्य 90 है । संख्याएँ हैं

(A) 18, 30

(B) 24, 40

(C) 27, 45

(D) 15, 25

**33.** शब्द "STRANGULATION" के अक्षरों से कौन-सा शब्द बनाया जा सकता है ?

(A) TRAUMA

(B) TRIANGLE

(C) GARLAND

(D) ROASTING

**34.** तीन संख्याओं में, पहली संख्या दूसरी संख्या की दो गुना है तथा दूसरी संख्या तीसरी संख्या की दो गुना है । इन संख्याओं के व्युत्क्रमों का औसत $\frac{7}{72}$ है । इन संख्याओं में से न्यूनतम संख्या इन संख्याओं के लसप का कितना प्रतिशत है ?

(A) 25%

(B) 40%

(C) 15%

(D) 30%

**35.** दिए गए समीकरण को सही बनाने के लिए निम्नलिखित में से किन दो चिह्नों को आपस में बदलना होगा ?

$24 - 8 / 4 + 5 \times 3 = 14$

(A) / और ×

(B) + और /

(C) / और –

(D) × और –

**36.** यदि $x^2 + \frac{1}{x^2} = 51$, तो $\left(x - \frac{1}{x}\right)$ बराबर है

(A) 7

(B) ±7

(C) $\pm\frac{1}{7}$

(D) –7

**37.** एक निश्चित धनराशि के लिए यदि 5% वार्षिक ब्याज की दर से 2 वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर ₹ 5 है, तो उसी धनराशि पर 5% वार्षिक ब्याज की दर से 3 वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज एवं साधारण ब्याज का अन्तर ज्ञात कीजिए (₹ में) ।

(A) 205


(B) 15.75

(C) 187.50


(D) 15.25

38. Which figure of answer figures can be formed by folding the question figure ?

**Question figure :**



**Answer figures :**



I II III IV

(A) Only I and II
(B) Only I and III
(C) Only III and IV
(D) Only II and IV

39. In the following question, select the missing number of the given series.
94, 105, 92, 107, 90, ?
(A) 109
(B) 122
(C) 135
(D) 110

40. The age of Meena is three times the age of Reena. After 7 years, Meena's age will be double that of Reena. Find the age of Meena after 4 years from now.
(A) 21 years
(B) 25 years
(C) 27 years
(D) 23 years

41. If $\frac{1}{5}+\frac{1}{3}+\frac{1}{x}=\frac{1}{8}$, then x =

(A) $\frac{120}{49}$


(B) $-\frac{120}{49}$

(C) $-\frac{120}{41}$

(D) $-\frac{120}{51}$

42. In the series of letters given below, which option will come in the place of question mark (?) ?
BXF DVI FTL HRO ?
(A) JPR
(B) JOL
(C) KPM
(D) KPL


43. How many triangles are there in the following figure ?




(A) 13
(B) 21
(C) 24
(D) 32

38. प्रश्न आकृति को मोड़ने से उत्तर आकृतियों में से कौन-सी आकृति बन सकती है ?

**प्रश्न आकृति :**



**उत्तर आकृतियाँ :**



I II III IV

(A) केवल I और II

(B) केवल I और III

(C) केवल III और IV

(D) केवल II और IV

39. निम्नलिखित प्रश्न में दी गई शृंखला में लुप्त संख्या का चयन कीजिए ।

94, 105, 92, 107, 90, ?

(A) 109

(B) 122

(C) 135

(D) 110

40. यदि मीना की उम्र, रीना की उम्र से तीन गुनी है । 7 वर्ष बाद मीना की उम्र, रीना की उम्र से दो गुनी हो जाती है । आज से 4 वर्ष बाद मीना की उम्र ज्ञात कीजिए ।

(A) 21 वर्ष

(B) 25 वर्ष

(C) 27 वर्ष

(D) 23 वर्ष

41. यदि $\frac{1}{5}+\frac{1}{3}+\frac{1}{x}=\frac{1}{8}$ है, तो x =

(A) $\frac{120}{49}$

(B) $-\frac{120}{49}$

(C) $-\frac{120}{41}$

(D) $-\frac{120}{51}$

42. नीचे दी गई अक्षरों की शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सा विकल्प आयेगा ?

BXF DVI FTL HRO ?


(A) JPR

(B) JOL

(C) KPM

(D) KPL

43. निम्नलिखित आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?



(A) 13

(B) 21

(C) 24

(D) 32

44. Read the following statements :

All Z are Y.

Some Y are B.

**Conclusions :**

I. Some B are not Z.

II. Some Y are not Z.

III. Some Z are Y.

Select the correct answer.

(A) Both conclusions II and III follow

(B) Only conclusion III follows

(C) All conclusions follow

(D) Both conclusions I and III follow

45. Select that number triad from the given options similar to given number triads.

(125, 64, 16), (81, 27, 45)

(A) (36, 4, 20)

(B) (64, 8, 65)

(C) (100, 49, 14)

(D) (49, 36, 35)

46. If a : b = 2 : 3, b : c = 4 : 5, c : d = 6 : 7 and a = 24, then the value of a + b + c + d will be

(A) More than 24 but less than 100

(B) More than 24 but less than 50

(C) More than 157 but less than 159

(D) More than 24 but less than 150

47. Which number will come in the place of question mark (?) in the table given below ?

| | | |
|---|---|---|
| 42 | 63 | 94 |
| 8 | 18 | ? |
| 6 | 9 | 13 |

(A) 40

(B) 36

(C) 14

(D) 39

48. If $\sin A = \frac{5}{13}$, then tan A equals


(A) $\frac{5}{12}$

(B) $\frac{12}{5}$

(C) $\frac{13}{5}$

(D) $\frac{12}{13}$

49. Three different positions of a dice are shown as below. Which number will be on the face with sign (?) ?




(A) 1

(B) 5

(C) 6

(D) 3

50. A principal amounts to ₹ 944 in 3 years and to ₹ 1,040 in 5 years, each sum being invested at the same simple interest. The principal (in ₹) is

(A) 800

(B) 750

(C) 900

(D) 991

**44.** निम्नलिखित कथनों को पढ़ें :

सभी Z, Y हैं ।

कुछ Y, B हैं ।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ B, Z नहीं हैं ।

II. कुछ Y, Z नहीं हैं ।

III. कुछ Z, Y हैं ।

सही उत्तर चुनें ।

(A) निष्कर्ष II और III दोनों अनुसरण करते हैं

(B) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है

(C) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं

(D) निष्कर्ष I और III दोनों अनुसरण करते हैं

**45.** दिये गये विकल्पों से उस संख्या त्रिक को चुनिये जो दिये गये संख्या त्रिकों के समान हो ।

(125, 64, 16), (81, 27, 45)

(A) (36, 4, 20)

(B) (64, 8, 65)

(C) (100, 49, 14)

(D) (49, 36, 35)

**46.** यदि a : b = 2 : 3, b : c = 4 : 5, c : d = 6 : 7 एवं a = 24 है, तो a + b + c + d का मान होगा

(A) 24 से अधिक किन्तु 100 से कम

(B) 24 से अधिक किन्तु 50 से कम

(C) 157 से अधिक किन्तु 159 से कम

(D) 24 से अधिक किन्तु 150 से कम

**47.** नीचे दी गई सारिणी में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आयेगी ?

| | | |
|---|---|---|
| 42 | 63 | 94 |
| 8 | 18 | ? |
| 6 | 9 | 13 |

(A) 40

(B) 36

(C) 14

(D) 39

**48.** यदि $\sin A = \frac{5}{13}$ है, तो tan A बराबर है


(A) $\frac{5}{12}$

(B) $\frac{12}{5}$

(C) $\frac{13}{5}$

(D) $\frac{12}{13}$

**49.** एक पाँसे की तीन विभिन्न स्थितियाँ नीचे दर्शायी गयी है । चिह्न (?) वाले फलक पर कौन-सी संख्या आयेगी ?




(A) 1

(B) 5

(C) 6

(D) 3

**50.** एक मूलधन 3 वर्ष में ₹ 944 तथा 5 वर्ष में ₹ 1,040 हो जाता है, प्रत्येक धनराशि को एक ही साधारण ब्याज पर निवेश किया गया है । मूलधन (₹ में) है

(A) 800

(B) 750

(C) 900

(D) 991

51. Which number will come in the place of question mark ?

9, 25, 49, ?, 121

(A) 78

(B) 81

(C) 98

(D) 65

52. If $z = x + iy$ is a complex number such that $iz = 2 + 3i$, then the value of $x - y$ is


(A) 1


(B) –5


(C) –1


(D) 5


53. Which figure among the given options will appropriately replace the question mark ?



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

54. If the letters of the word "PRODUCT" are arranged alphabetically, then which letter would be last letter of word ?

(A) U

(B) T

(C) P

(D) R

55. Find out the missing value (?) in the data given below.

| | | |
|---|---|---|
| 173 | (24) | 526 |
| 431 | (18) | 325 |
| 253 | (?) | 471 |

(A) 42

(B) 22

(C) 18

(D) 30

56. The number $\pi - \frac{22}{7}$ is

(A) 0

(B) Negative

(C) Rational

(D) Positive

57. Which of the following group of letters is different from the others ?

(A) BIX

(B) HJV

(C) SKN

(D) FGO

**51.** प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर कौन-सी संख्या आयेगी ?

9, 25, 49, ?, 121

(A) 78

(B) 81

(C) 98

(D) 65

**52.** यदि $z = x + iy$ एक सम्मिश्र संख्या है जहाँ $iz = 2 + 3i$, तो $x - y$ का मान है


(A) 1


(B) −5


(C) −1


(D) 5


**53.** दिये गये विकल्पों में से कौन-सी आकृति प्रश्नसूचक चिह्न को उचित रूप से प्रतिस्थापित करेगी ?



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

**54.** यदि शब्द "PRODUCT" के अक्षरों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कौन-सा अक्षर शब्द का अंतिम अक्षर होगा ?

(A) U

(B) T

(C) P

(D) R

**55.** नीचे दिये गये आँकडों में लुप्त संख्या (?) ज्ञात कीजिये ।

173 (24) 526

431 (18) 325

253 (?) 471

(A) 42

(B) 22

(C) 18

(D) 30

**56.** संख्या $\pi - \frac{22}{7}$ है

(A) 0

(B) ऋणात्मक

(C) परिमेय

(D) धनात्मक

**57.** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर समूह अन्य से अलग है ?

(A) BIX

(B) HJV

(C) SKN

(D) FGO

7504569

58. A sum of money lent at compound interest for 2 years at 20% per annum would earn ₹ 482 more, if the interest was payable half yearly than if it was payable annually. The sum is

(A) ₹ 20,000

(B) ₹ 40,000

(C) ₹ 25,000

(D) ₹ 30,000

59. As 'Court of law' is related to 'Justice', in the same way, 'School' is related to which one of the following ?

(A) Teacher

(B) Class

(C) Education

(D) Students

60. If $5^x = \frac{1}{3}$, then $5^{-7x} = ?$

(A) 2187

(B) 729

(C) $\frac{1}{729}$

(D) $\frac{1}{2187}$

61. In a certain code, "CODE" is written as "DPEF". How is "DEFENCE" written in that code ?


(A) EFGFODF


(B) KWMCJFL


(C) ELDFSAP


(D) HRAOSCV


62. Choose the correct water image of the following figure from amongst the given options.



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

63. If PIPE is written as 169165, then what is the last digit of SWAN ?

(A) 8

(B) 3

(C) 9

(D) 4

64. Which of the following is a prime number ?

(A) 121

(B) 361

(C) 961

(D) 241

**58.** एक राशि जो 20% प्रतिवर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज पर 2 वर्षों के लिए उधार दी गई है, ₹ 482 अधिक कमाएगी, यदि ब्याज दर वार्षिक की अपेक्षा अर्ध वार्षिक रूप से देय हो । राशि है

(A) ₹ 20,000

(B) ₹ 40,000

(C) ₹ 25,000

(D) ₹ 30,000

**59.** 'न्यायालय' जिस प्रकार 'न्याय' से सम्बन्धित है, उसी प्रकार 'विद्यालय' निम्न में से किस एक से सम्बन्धित है ?

(A) अध्यापक

(B) कक्षा

(C) शिक्षा

(D) विद्यार्थी

**60.** यदि $5^x = \frac{1}{3}$, तो $5^{-7x} = ?$

(A) 2187

(B) 729

(C) $\frac{1}{729}$

(D) $\frac{1}{2187}$

**61.** एक निश्चित कोड में "CODE" को "DPEF" लिखा जाता है । उसी कोड में "DEFENCE" को कैसे लिखा जाएगा ?


(A) EFGFODF


(B) KWMCJFL


(C) ELDFSAP


(D) HRAOSCV


**62.** दिये गये विकल्पों में से निम्नलिखित आकृति की सही जल प्रतिबिंब को चुनिये ।



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

**63.** यदि PIPE को 169165 लिखा जाए, तो SWAN का अंतिम अंक क्या होगा ?

(A) 8

(B) 3

(C) 9

(D) 4

**64.** निम्नलिखित में से कौन-सी अभाज्य संख्या है ?

(A) 121

(B) 361

(C) 961

(D) 241

65. A person goes 20 km North from his house, then he turns towards West and goes 12 km. After that, he turns towards South and goes 5 km. At last, he turns towards East and goes 12 km. At this moment, how far is he from his house and in which direction ?

(A) 12 km, North

(B) 15 km, North

(C) 12 km, East

(D) 15 km, South

66. Along a 300 m long road, 16 electric poles are fixed at equal distances, one pole being at each end of the road. What is the distance between the two consecutive poles ?

(A) 25 m

(B) 30 m

(C) 15 m

(D) 20 m

67. If x = 1.252525......., then x can be written in rational form as

(A) $\frac{125}{100}$

(B) $\frac{125}{101}$

(C) $\frac{124}{101}$

(D) $\frac{124}{99}$

68. The average of four numbers 70, x6, 5x and 11x is 71. If x represents the same digit, then $x^2 + 1$ is equal to

(A) 26

(B) 37

(C) 50

(D) 17

69. Select that number which is different from the others.

(A) 6149

(B) 8134

(C) 9416

(D) 7318

70. ₹ 1,110 was to be divided among A, B and C in the ratio of $\frac{1}{4}:\frac{1}{5}:\frac{1}{6}$. But by mistake, it was divided in the ratio of 4 : 5 : 6. Due to this distribution, excess amount (in percent) received by C is

(A) 48

(B) 18

(C) 64

(D) 24

71. In English alphabet, which is the $17^{th}$ letter from your left ?

(A) L

(B) P

(C) Q

(D) W

72. Find the remainder when $49^{49} + 1$ is divided by 6.

(A) 0

(B) 2

(C) 3

(D) 1

**65.** एक व्यक्ति अपने घर से 20 कि.मी. उत्तर की ओर जाता है, फिर वह पश्चिम की ओर मुड़ जाता है और 12 कि.मी. जाता है । इसके बाद वह दक्षिण की ओर मुड़कर 5 कि.मी. जाता है । अन्त में वह पूर्व की ओर मुड़कर 12 कि.मी. जाता है । इस समय वह अपने घर से कितनी दूरी पर तथा किस दिशा में है ?

(A) 12 कि.मी., उत्तर

(B) 15 कि.मी., उत्तर

(C) 12 कि.मी., पूर्व

(D) 15 कि.मी., दक्षिण

**66.** 300 मीटर लम्बी सड़क पर 16 बिजली के खम्बे एक समान दूरी पर गाड़े गए हैं जिसके दोनों छोरों पर एक-एक खम्बा लगा है । दो लगातार लगे खम्बों के बीच की दूरी क्या होगी ?

(A) 25 m

(B) 30 m

(C) 15 m

(D) 20 m

**67.** यदि x = 1.252525....... है, तो x को परिमेय रूप में लिखा जा सकता है

(A) $\frac{125}{100}$

(B) $\frac{125}{101}$

(C) $\frac{124}{101}$

(D) $\frac{124}{99}$

**68.** चार संख्याओं 70, x6, 5x एवं 11x का औसत 71 है । यदि x एक ही अंक को प्रदर्शित करता है, तो $x^2 + 1$ बराबर है

(A) 26

(B) 37

(C) 50

(D) 17

**69.** उस संख्या को चुनिये जो अन्य से अलग हो ।

(A) 6149

(B) 8134

(C) 9416

(D) 7318

**70.** ₹ 1,110 को A, B और C में $\frac{1}{4}:\frac{1}{5}:\frac{1}{6}$ के अनुपात में बाँटा जाना था । परन्तु त्रुटिवश इसे 4 : 5 : 6 के अनुपात में बाँटा गया । इस वितरण के कारण C को कितनी अधिक धनराशि (प्रतिशत में) प्राप्त हुई ?

(A) 48

(B) 18

(C) 64

(D) 24

**71.** अंग्रेजी वर्णमाला में आपके बायें से 17 वाँ अक्षर कौन-सा है ?

(A) L

(B) P

(C) Q

(D) W

**72.** यदि $49^{49} + 1$ को 6 से विभाजित करें, तो शेषफल होगा

(A) 0

(B) 2

(C) 3

(D) 1

73. A sum of ₹ 16,800 was taken as a loan. This is to be paid in two equal instalments. If the rate of interest is 10% per annum compounded annually, then the value of each instalment (in ₹) is

(A) 8,400

(B) 9,680

(C) 9,000

(D) 8,960

74. If a cube is to be painted with red and blue colour in such a way that each face get exactly one colour, then in how many ways this can be painted ?

(A) 6

(B) 18

(C) 20

(D) 10

75. A seller has a certain number of cups of which 5% are found to be damaged. He sells 93% of the remainder and still has 532 cups left. How many cups did he originally have ?

(A) 4000

(B) 8200

(C) 7800

(D) 8000

76. The price of an item, passing through three hands, rises on the whole by 65%. If the first and second sellers earned 20% and 25% profit respectively, then find the percentage profit earned by the third seller.

(A) 5%

(B) 10%

(C) 12.5%

(D) 15%

77. Read the following statements :

A few mechanics are not plumbers.

All plumbers are qualified.

No qualified is skilled.

**Conclusions :**

I. No skilled is a plumber.

II. No mechanic is skilled.

III. Some plumbers are not mechanics.

Select the correct answer.

(A) Only Conclusion I follows

(B) Only Conclusions II and III follow

(C) All Conclusions follow

(D) Either Conclusion I or Conclusion II follows

78. If $a^b = c^d$, then $\frac{\log a}{\log c}$ is

(A) $\frac{b}{d}$

(B) $b - d$

(C) $\frac{d}{b}$

(D) $b + d$

79. There is 60% increase in an amount in 6 years at simple interest. What will be the compound interest (in ₹) on ₹ 12,000 after 3 years at the same rate of interest ?

(A) 6,240

(B) 3,992

(C) 3,972

(D) 3,120



7504569 7504569 7504569 7504569 7504569

73. ₹ 16,800 की एक धनराशि उधार ली गई । इसे दो बराबर की किश्तों में भुगतान करना है । यदि ब्याज की दर 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज है, तो प्रत्येक किश्त का मूल्य (₹ में) है

(A) 8,400

(B) 9,680

(C) 9,000

(D) 8,960

74. यदि किसी घन को लाल और नीले रंग से इस प्रकार पेंट करना हो, कि प्रत्येक फलक पर ठीक एक रंग हो, तो यह कितने प्रकार से पेंट किया जा सकता है ?

(A) 6

(B) 18

(C) 20

(D) 10

75. एक विक्रेता के पास एक निश्चित संख्या में प्याले हैं जिनमें से 5% टूटे हुए पाए गए । वह शेष में से 93% प्याले बेच देता है तथा उसके पास 532 प्याले बच जाते हैं । शुरुआत में उसके पास कितने प्याले थे ?

(A) 4000

(B) 8200

(C) 7800

(D) 8000

76. तीन हाथों से गुजरने वाली एक वस्तु की कीमत कुल 65% बढ़ी । यदि पहले और दूसरे विक्रेताओं ने क्रमश: 20% तथा 25% लाभ कमाया, तो तीसरे विक्रेता द्वारा अर्जित प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए ।

(A) 5%

(B) 10%

(C) 12.5%

(D) 15%

77. निम्नलिखित कथनों को पढ़ें :

कुछ मैकेनिक, प्लंबर नहीं हैं ।

सभी प्लंबर, योग्य हैं ।

कोई भी योग्य, कुशल नहीं है ।

**निष्कर्ष :**

I. कोई भी कुशल, प्लंबर नहीं है ।

II. कोई भी मैकेनिक, कुशल नहीं है ।

III. कुछ प्लंबर, मैकेनिक नहीं हैं ।

सही उत्तर चुनें ।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

(B) केवल निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं

(C) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं

(D) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II अनुसरण करता है

78. यदि $a^b = c^d$ है, तो $\frac{\log a}{\log c}$ है

(A) $\frac{b}{d}$

(B) $b - d$

(C) $\frac{d}{b}$

(D) $b + d$

79. एक धनराशि में साधारण ब्याज पर 6 वर्षों में 60% की वृद्धि होती है । उसी ब्याज की दर से ₹ 12,000 पर 3 वर्षों के बाद चक्रवृद्धि ब्याज (₹ में) क्या होगा ?

(A) 6,240

(B) 3,992

(C) 3,972

(D) 3,120

80. Mohini starts walking towards South. After walking 10 m, she turns left and walks 10 m. Now she turns 45° anti-clockwise and walks $10\sqrt{3}$ m. How far is she now from the starting point ?

(A) $10\sqrt{3}$ m

(B) $20\sqrt{3}$ m

(C) $20\sqrt{5}$ m

(D) $10\sqrt{5}$ m

81. The average of 6 numbers is 5. The first number is increased by 2, second by 4, third by 8 and so on. The average of new numbers is

(A) 20

(B) 26

(C) 27

(D) 21

82. Which two numbers from among the given options should be interchanged to make the given equation correct ?

$108 / 12 - 126 / (5 \times 3 + 12) + 4 = 11$

(A) 11 and 12

(B) 12 and 4

(C) 5 and 3

(D) 12 and 3

83. Ravi bought a watch and sold it to Ram at 20% profit. Then Ram wanted to sell it back to Ravi at 20% loss. If Ravi agrees for it, then Ravi has


(A) Neither loss nor gain

(B) Gain 1%


(C) Gain 4%


(D) Loss 1%


84. A square sheet of paper is folded along dotted line successively and is then punched as shown.




How would the paper look when it is unfolded ?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

85. The number of ways in which the letters of the word 'ALGEBRA' can be arranged so that two A's are not adjacent, are

(A) 1260

(B) 1800

(C) 2520

(D) 2160

86. Which number will come in the place of question mark ?

6, 11, 21, 36, 56, ?

(A) 60

(B) 91

(C) 81

(D) 80

80. मोहिनी दक्षिण की ओर चलना प्रारम्भ करती है । 10 मी. चलने के बाद वह बायें मुड़ती है और 10 मी. चलती है । अब वह 45° वामावर्त मुड़ती है और $10\sqrt{3}$ मी. चलती है । अब वह प्रारम्भिक बिन्दु से कितनी दूर है ?

(A) $10\sqrt{3}$ मी.

(B) $20\sqrt{3}$ मी.

(C) $20\sqrt{5}$ मी.

(D) $10\sqrt{5}$ मी.

81. 6 संख्याओं का औसत 5 है । पहली संख्या को 2 से बढ़ाया गया, दूसरी संख्या को 4 से बढ़ाया गया, तीसरी संख्या को 8 से बढ़ाया गया तथा इसी प्रकार अन्य संख्याओं को बढ़ाया गया । नयी संख्याओं का औसत है

(A) 20

(B) 26

(C) 27

(D) 21

82. दिए गए विकल्पों में से किन दो संख्याओं को आपस में बदलने पर दिया गया समीकरण सही हो जाएगा ?

$108 / 12 - 126 / (5 \times 3 + 12) + 4 = 11$

(A) 11 और 12

(B) 12 और 4

(C) 5 और 3

(D) 12 और 3

83. रवी ने एक घड़ी खरीदा और इसे राम को 20% लाभ पर बेचा । राम, रवी को पुनः इसे वापस 20% हानि पर बेचना चाहता था । यदि रवी इसके लिए तैयार होता है, तो रवी को होगा


(A) न तो हानि न ही लाभ

(B) 1% का लाभ


(C) 4% का लाभ


(D) 1% की हानि


84. कागज की वर्गाकार शीट को बिन्दुयुक्त रेखा के अनुगत क्रमिक (लगातार) मोड़ा जाता है तथा फिर दिखाए अनुसार छिद्रित किया जाता है ।




जब कागज को खोला जायेगा, तो वह कैसा दिखेगा ?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

85. शब्द 'ALGEBRA' के अक्षरों को कितने प्रकार से व्यवस्थित कर सकते हैं, ताकि दोनों A साथ-साथ न आयें ?

(A) 1260

(B) 1800

(C) 2520

(D) 2160

86. प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर कौन-सी संख्या आयेगी ?

6, 11, 21, 36, 56, ?

(A) 60

(B) 91

(C) 81

(D) 80

**87.** Which of the following numbers is ***not*** between $\frac{1}{3}$ and $\frac{1}{2}$ ?

(A) $\frac{2}{5}$

(B) $\frac{5}{8}$

(C) $\frac{5}{12}$

(D) $\frac{3}{7}$

**88.** If $10 \rightarrow 4$, $18 \rightarrow 6$ and $30 \rightarrow 8$, then $48 \rightarrow ?$

(A) 8

(B) 10

(C) 12

(D) 9

**89.** Two numbers x and y are in the ratio 11 : 13 and their sum is 48. Then y is

(A) 26

(B) 22

(C) 28

(D) 24

**90.** P is the mother of Q, but Q is not the son of P, then who is Q to P ?

(A) Brother

(B) Brother-in-law

(C) Daughter

(D) Son

**91.** If x is the average of $1^2, 2^2, 3^2, \ldots, 10^2$ and y is the average of first 10 even natural numbers, then y is what percent of $x - y$ ?

(A) 40%

(B) 15%

(C) 55%

(D) 25%

**92.** What is the $30^{th}$ term of the following arithmetic series ?

4, 8, 12, 16, ....


(A) 115

(B) 125

(C) 145

(D) 120

**93.** How many triangles are there in the following figure ?



(A) 18

(B) 20

(C) 21

(D) 19

**94.** If $x + \frac{1}{x} = k$ and $x^2 + \frac{1}{x^2} = k$, then values of k are

(A) 1, 2

(B) –1, –2

(C) –1, 2

(D) 1, –2

**95.** Read the following statements :

Some pearls are jewels.

Some jewels are ornaments.

**Conclusions :**

I. Some jewels are pearls.

II. Some ornaments are jewels.

Select the correct answer.

(A) Only Conclusion I follows

(B) Either Conclusion I or Conclusion II follows

(C) Both Conclusions I and II follow

(D) Only Conclusion II follows

7504569

87. निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या $\frac{1}{3}$ और $\frac{1}{2}$ के मध्य **नहीं** है ?

(A) $\frac{2}{5}$

(B) $\frac{5}{8}$

(C) $\frac{5}{12}$

(D) $\frac{3}{7}$

88. यदि $10 \rightarrow 4$, $18 \rightarrow 6$ और $30 \rightarrow 8$, तो $48 \rightarrow ?$

(A) 8
(B) 10
(C) 12
(D) 9

89. दो संख्याओं x तथा y का अनुपात 11 : 13 है और उनका जोड़ 48 है । तो y का मान है

(A) 26
(B) 22
(C) 28
(D) 24

90. P, Q की माता है, लेकिन Q, P का पुत्र नहीं है, तो Q, P का कौन है ?

(A) भाई
(B) देवर
(C) पुत्री
(D) बेटा

91. यदि $1^2, 2^2, 3^2, \ldots, 10^2$ का औसत x है तथा प्रथम 10 सम प्राकृतिक संख्याओं का औसत y है, तो y, x – y का कितने प्रतिशत है ?


(A) 40%
(B) 15%
(C) 55%
(D) 25%

92. निम्नलिखित अंकगणितीय श्रेणी का 30 वाँ पद क्या है ?

4, 8, 12, 16, ....

(A) 115
(B) 125
(C) 145
(D) 120

93. निम्नलिखित आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?



(A) 18
(B) 20
(C) 21
(D) 19

94. यदि $x + \frac{1}{x} = k$ और $x^2 + \frac{1}{x^2} = k$ है, तो k के मान हैं

(A) 1, 2
(B) –1, –2
(C) –1, 2
(D) 1, –2

95. निम्नलिखित कथनों को पढ़ें :

कुछ मोती, रत्न हैं ।

कुछ रत्न, आभूषण हैं ।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ रत्न, मोती हैं ।


II. कुछ आभूषण, रत्न हैं ।


सही उत्तर चुनें ।


(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(B) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(C) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(D) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है


7504569


**96.** If a mirror is placed on the line AB, then which of the answer figures is the right image of the given figure ?




(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

**97.** If $2^{2x-1} + 4^{x} = 2^{x-\frac{1}{2}} + 2^{x+\frac{1}{2}}$, then the ratio $\frac{1-x}{1+x}$ is

(A) $\frac{3}{5}$

(B) $\frac{4}{5}$

(C) $\frac{4}{9}$

(D) $\frac{1}{3}$

**98.** Which number is unsuitable in the following series of numbers ?

5 3 6 10 9 12 17 15 18 23

(A) 12

(B) 10

(C) 17

(D) 9

**99.** The GCD of two numbers is 9 and LCM is 108. If one of the numbers is 27, then the other is

(A) 36

(B) 54

(C) 18

(D) 45

**100.** The average of the three positive integers x, y and z is 45. x is greater than the average of y and z by 9 and the average of y and z is greater than y by z. The value of ratio $\frac{x-z}{y+z}$ is

(A) $\frac{2}{3}$


(B) $\frac{1}{12}$

(C) $\frac{5}{7}$


(D) $\frac{3}{4}$


7504569 7504569 7504569 7504569 7504569


96. यदि एक दर्पण को रेखा AB पर रखा जाए, तो उत्तर आकृतियों में से कौन-सी दी गई आकृति की सही छवि होगी ?




(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

97. यदि $2^{2x-1}+4^{x}=2^{x-\frac{1}{2}}+2^{x+\frac{1}{2}}$ है, तो अनुपात $\frac{1-x}{1+x}$ है

(A) $\frac{3}{5}$

(B) $\frac{4}{5}$

(C) $\frac{4}{9}$

(D) $\frac{1}{3}$

98. निम्नलिखित संख्या की शृंखला में कौन-सी संख्या अनुपयुक्त है ?

5 3 6 10 9 12 17 15 18 23

(A) 12

(B) 10

(C) 17

(D) 9

99. दो संख्याओं का GCD, 9 है और LCM, 108 है । यदि एक संख्या 27 है, तो दूसरी संख्या है

(A) 36

(B) 54

(C) 18

(D) 45

100. तीन धनात्मक पूर्णांकों x, y एवं z का औसत 45 है । y तथा z के औसत से x, 9 अधिक है तथा y और z का औसत y से z अधिक है । अनुपात $\frac{x-z}{y+z}$ का मान है

(A) $\frac{2}{3}$

(B) $\frac{1}{12}$

(C) $\frac{5}{7}$

(D) $\frac{3}{4}$

7504569

# 18/SSVP/M-2026 – 03

प्रश्न–पुस्तिका

## सामान्य योग्यता

पुस्तिका शृंखला

**I**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न–पुस्तिका में कुल **100** प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको उत्तर पत्रक प्रश्न–पुस्तिका के अन्दर दिया गया है। **अपने उत्तर पत्रक के निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक लिखें एवं कूटबद्ध करें तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक की जाँच कर देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका के ऊपर बायीं ओर मुद्रित शृंखला एवं उत्तर पत्रक पर मुद्रित शृंखला समान है। कृपया यह भी जाँच लें कि पुस्तिका में रफ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ सं. 30 और 31) सहित पूरे 32 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक में मुद्रित शृंखला में अन्तर तो नहीं है। पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले, इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. पत्रक ले लें।**
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न–पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. इस पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर — (A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है।
8. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं — Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट–कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
9. उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए गलत उत्तर/एक से अधिक उत्तर देने के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक–तिहाई (1/3)** अंक दण्ड के रूप में काटा जायेगा।
10. प्रश्न–पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न–पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न–पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
11. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
12. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष को छोड़ें।

**Note :** English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.